तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बदनारा भागवत कथा में गूंजा कृष्ण नाम...



14 डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते खतरे के बीच पुलिस...



खबर संक्षेप



एनडीपीएस आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। एनडीपीएस मामले में फरार दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि जीरो स्ट्रीट, जोन-3, खुर्सीपार निवासी गुरमीत सिंह उर्फ लक्की के बयान में चिट्टा की बिक्री में शामिल फरार आरोपी की जानकारी मिली थी। तभी पुलिस ने अटल आवास शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी मज्जी कुमार,राबी सिंहको पकड़ा गया। आरोपियों ने अवैध धन लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से चिट्टा बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे थे।

नशे के सामान के साथ युवक हुआ गिरफ्तार



भिलाई। सूखा नशे का सामान बेचने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि ग्रीनवैली जुनवानी निवासी मोहम्मद मोनिस अंसारी को पकड़ा गया। उसके पास से 10.51 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। जिसकी कीमत 2.10 लाख रुपए और एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जुनवानी से खम्हरिया की ओर चिट्टा लेकर मोनिस आ रहा था। पुलिस ने दबिश देकर उसे पकड़ लिया। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

राजस्थान के गिरोह ने की 19 लाख ठगी



भिलाई। नकली सोने के पत्तियों को असली बताकर ज्वेलर्स संचालक को 19.32 लाख रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसी कैमरों के आधार पर खोजबीन करना शुरु किया। इस दौरान 6 आरोपिं को पुलिस ने ट्रेस कर लिया। घटना का खुलासा करते हुए ग्रामीण एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पुराना बाजार पाटन में स्थित लक्ष्मी ज्वेलर्स संचालक आनंद सोनी ने 24 सितंबर को पुलिस में शिकायत किया। जिसमें बताया गया कि ओमी सिंह,लाखन सिंह उसके शॉप में पहुंचे थे। उनके पास 18 नग सोने की पत्तियां, जिसका वजन लगभग 180 ग्राम था। जिसे असली सोना बताकर गिरवी रखा गया। इसके बादले में संचालक से 15 लाख 93 हजार रुपये लिया गया। आरोपियों ने शॉप से 3 नग सोने की अंगूठियां, वजन 18.910 ग्राम,चांदी की 01 जोड़ी पायल, वजन 176.590 ग्राम, कीमत 3 लाख 39 हजार रुपये उधारी में लिया। सात दिनों के भीतर ब्याज समेत रकम लौटाने का संचालक को भरोसा दिलाया गया। समय होने के बाद भी रकम वापस नहीं किया गया।

युवक पर चाकू से हमला कर उतारा मौत के घाट

भिलाई। सिगरेट मांगने को लेकर हुए विवाद में दोस्त ने युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में आरोपी युवकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि कवर्धा निवासी चित्रेश सहारे अपनी प्रेमिका और उसकी बहन के साथ दोस्त के पीजी पहुंचे थे। तभी पीजी में रहने वाले दो युवकों से विवाद हो गया। विवाद सिर्फ सिगरेट मांगने को लेकर हुआ था। इसके अलावा दोनों युवकों ने प्रेमिका से बदतमीजी भी की थी। इसके बाद विवाद और बढ़ गया।

शिवनाथ की बाढ़ से बेरला के दर्जनों गांवों में नुकसान, सैकड़ों एकड़ धान बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

पानी उतरने के बाद खेतों में दिखा बाढ़ का कहर, पीली पड़कर सड़ने लगी फसल

शिवनाथ नदी में आई बाढ़ ने बेरला अंचल के किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। नदी का जलस्तर कम होने के बाद अब बाढ़ से हुई तबाही की तस्वीर खेतों में साफ दिखाई देने लगी है। शिवनाथ और उसकी सहायक नदियों-नालों के तटवर्ती इलाकों में बसे करीब दो से तीन दर्जन गांवों में खेत कई दिनों तक पानी में डूबे रहे। पानी उतरने के बाद कहीं धान की फसल जमीन पर बिछी नजर आ रही है तो कहीं पौधे पीले पड़कर सड़ने लगे हैं। कई खेतों में फसल पूरी तरह नष्ट होने की स्थिति में है। प्रारंभिक तौर पर सैकड़ों एकड़ में धान की फसल प्रभावित होने की बात सामने आ रही है। अब प्रभावित किसानों की नजर प्रशासन के सर्वे और शासन से मिलने वाली क्षतिपूर्ति पर टिकी है।किसानों के लिए नुकसान केवल फसल तक सीमित नहीं है। धान की खेती में बीज, खाद, दवा, जुताई, रोपाई और मजदूरी पर बड़ी राशि खर्च होती है। बाढ़ में फसल खराब होने के बाद किसानों के सामने एक ओर उत्पादन का नुकसान है, वहीं दूसरी ओर खेती में लगाई गई लागत की भरपाई की चिंता भी है। यदि प्रभावित रकबे का समय पर सर्वे कर क्षतिपूर्ति नहीं मिली तो किसानों पर आर्थिक बोझ और बढ़ सकता है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

- सर्वे शुरू, मुआवजे की आस में किसान

प्रशासन ने शुरू कराया फसल नुकसान का सर्वे

बाढ़ से हुए फसल नुकसान को लेकर प्रशासन ने सर्वे का काम शुरू कर दिया है। बेरला तहसीलदार उईस्यानी मानकर ने बताया कि शासन-प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है। संबंधित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। सर्वेक्षण पूरा होने के बाद वास्तविक नुकसान की स्थिति सामने आएगी और नियमानुसार क्षतिपूर्ति एवं मुआवजे की प्रक्रिया तय की जाएगी।



खेतों में कई दिन जमा रहा पानी

बेरला विकासखंड में इस वर्ष धान की फसल मुख्य कृषि सीजन में थी। इसी दौरान शिवनाथ नदी में आई बाढ़ ने तटवर्ती क्षेत्रों में स्थिति बिगाड़ दी। नदी का पानी खेतों में घुसने के बाद कई स्थानों पर लंबे समय तक जलभराव की स्थिति बनी रही। लगातार पानी में डूबे रहने से धान के पौधों पर प्रतिकूल असर पड़ा। खेतों से पानी निकलने के बाद फसल की वास्तविक स्थिति सामने आई तो किसानों की चिंता बढ़ गई। किसानों के अनुसार, कई खेतों में धान के पौधे पीले पड़ गए हैं और गलने लगे हैं। कुछ स्थानों पर पौधे पानी के दबाव से जमीन पर गिर गए हैं। जिन खेतों में फसल पूरी तरह पानी में डूबी रही, वहां उत्पादन पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। ऐसे में किसानों को इस सीजन में भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

आयोजन : स्वामी विवेकानंद स्टेडियम से निकली 'सेवा संकल्प ज्योति कलश यात्रा'

सेवा की ज्योति लेकर गांव-गांव पहुंचेगा प्रधानमंत्री मोदी के 25 साल का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में 'सेवा संकल्प ज्योति कलश यात्रा' का बुधवार आगाज हुआ। कंतेली स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम से निकली इस यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'सेवा ही संकल्प है' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष गौरीशंकर श्रीवास, विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा और जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू सहित जन प्रतिनिधियों ने ज्योति कलश की आरती एवं दीप प्रज्वलित कर यात्रा की सफलता की कामना की और हरी झंडी दिखाकर सेवा रथ को रवाना किया। तिरंगे और फूल- मालाओं से सजे सेवा रथ के रवाना होते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। रथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा यात्रा, प्रमुख निर्णयों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विश्व पटल पर भारत के बढ़ते प्रभाव को चित्रों एवं संदेशों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। रथ के मध्य में प्रज्वलित ज्योति कलश को निरंतर सेवा, राष्ट्र निर्माण और जनभागीदारी के संकल्प का प्रतीक बनाया गया है। कंतेली से रवाना हुआ सेवा रथ बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा सहित जिले के चारों विकासखंड मुख्यालयों तक पहुंचेगा। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सेवा संकल्प सभाएं, स्वच्छता अभियान, 'एक पेड़ मां के नाम' और विकसित भारत 2047 से जुड़े कार्यक्रम होंगे। प्रचार वाहन के जरिए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी आम लोगों तक पहुंचाई जाएगी।

- भारत माता के जयघोष से गूंजा स्टेडियम, जनकल्याण और विकसित भारत का दिया संदेश



मोदी ने देश में नए युग की नींव रखी : गौरीशंकर

केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष गौरीशंकर श्रीवास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और जनकल्याण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के हितों को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में विकास और सुशासन के नए युग ▶▶|शेष पेज 13 पर

76 फीट की विशाल रंगोली में दिखा विकसित भारत का सपना

कंतेली स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर "सेवा के रंग, राष्ट्र के संग" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 76×76 फीट की विशाल रंगोली आकर्षण का केंद्र रही। रंगोली में विकसित भारत 2047, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, किसान समृद्धि, युवा शक्ति और अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों को कलात्मक रूप से उकेरा गया। स्थानीय कलाकारों, महिला समूहों और युवाओं द्वारा तैयार इस रंगोली को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने विकसित भारत 2047 के संकल्प के साथ सेवा और राष्ट्रनिर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

म्यूल बैंक खातों पर पुलिस का शिकंजा

चार आरोपियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

साइबर ठगी की रकम को बैंक खातों में मंगाकर उसका लेन-देन करने वाले म्यूल खाता धारकों के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने बैंक खातों की तस्दीक के बाद अब तक चार आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है।

इनमें दो आरोपियों को 6 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वहीं एक आरोपी के कब्जे से चार बैंक पासबुक और पांच एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है और अन्य संदिग्ध खातों की भी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, सिटी कोतवाली को विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली थी कि पंजाब नेशनल बैंक के कुछ खातों में साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त रकम जमा की जा रही है। बैंक से पत्राचार कर खातों की जानकारी जुटाई गई। जांच में सामने आया कि संबंधित खाता धारकों ने अपने बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने और आगे उसका संवर्धन करने के लिए किया। 10 फरवरी 2024 से 1 नवंबर 2024 के बीच अलग- अलग तारीखों में कुल 2 लाख 37 हजार 820 रुपये की संदिग्ध रकम इन खातों में प्राप्त होना पाया गया। विवेचना के दौरान आरोपी देवेन्द्र कुमार टंडन (22), निवासी कुम्ही थाना बेरला को 20 सितंबर 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। इसके बाद पुलिस ने जितेन्द्र वर्मा (24), निवासी वार्ड क्रमांक 21 कुर्मीपारा बेमेतरा से पूछताछ की। पुलिस के ▶▶|शेष पेज 13 पर

- साइबर ठगी की रकम खातों में मंगाकर खपाने का आरोप, 4 पासबुक और 5 एटीएम बरामद; दो आरोपी न्यायिक रिमांड पर



पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल, 10 का तबादला, एसपी ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (आईपीएस) ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है।

आदेश के तहत रक्षित केंद्र, यातायात, थाना एवं पुलिस चौकियों में पदस्थ कुल 10 अधिकारियों-कर्मचारियों का फेरबदल किया गया है। इनमें एक उप निरीक्षक, एक सहायक उप निरीक्षक तथा आठ प्रधान आरक्षक शामिल हैं। स्थानांतरण आदेश के अनुसार उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे को चौकी मारो (संबद्ध रक्षित केंद्र) से थाना नवागढ़ भेजा गया है। इसी तरह सहायक उप निरीक्षक बनवाली राम सोनकर को चौकी मारो (संबद्ध रक्षित केंद्र) से चौकी मारो में पदस्थ किया गया है। प्रधान आरक्षकों में सखाराम टंडन को रक्षित केंद्र बेमेतरा से थाना दाढ़ी, हेमंत साहू को रक्षित केंद्र बेमेतरा से थाना नवागढ़, रूपेन्द्र शर्मा को रक्षित केंद्र बेमेतरा से थाना खम्हरिया, अजय भगत को रक्षित केंद्र बेमेतरा से थाना नांदघाट, लोकेश गौसेवक को रक्षित केंद्र बेमेतरा से थाना साजा तथा जावेद खान को रक्षित केंद्र बेमेतरा से चौकी देवरबीजा भेजा गया है। इसके अलावा प्रधान आरक्षक जितेन्द्र राजपूत का स्थानांतरण यातायात से चौकी देवकर तथा प्रधान आरक्षक विजय साहू का चौकी देवरबीजा से चौकी खण्डसरा किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को स्थानांतरण आदेश के अनुरूप नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

- एक उप निरीक्षक, एक सहायक उप निरीक्षक और आठ प्रधान आरक्षकों को मिली नई जिम्मेदारी

जुआ फड़ पर पुलिस की रेड, 9 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम अमोरा भाठाखार एनीकेट के पास जुआ फड़ पर दबिश देकर 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और फड़ से 2 लाख 49 हजार 170 रुपए नकद, 10 मोबाइल और 5 मोटरसाइकिल जब्त की हैं। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 9 लाख 29 हजार 170 रुपए बताई गई है। मौके से त्रिपाल और 52 पत्ती ताश भी बरामद हुई है। कार्रवाई से जुआरियों में हड़कंप मच गया। पुलिस को देखकर कुछ लोग मौके से भाग निकले। पुलिस के अनुसार 6 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम अमोरा भाठाखार एनीकेट के पास कुछ लोग ताश पत्ती से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला और साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम को देखकर कुछ जुआरी भाग निकले, जबकि मौके से 9 लोगों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों के पास और जुआ फड़ से 2,49,170 रुपए नकद, करीब 4.30 लाख रुपए कीमत के 10 मोबाइल फोन तथा करीब 2.50 लाख रुपए कीमत की पांच मोटरसाइकिल जब्त की हैं। वाहनों में सीजी 25 सी 1676, एक्टिवा सीजी 25 आर 2895, साइन सीजी 22 यू 5331, स्प्लेंडर सीजी 25 क्यू 6792 और साइन सीजी 25 आर 7766 शामिल हैं।

- 2.49 लाख नकद, 10 मोबाइल और 5 बाइक समेत 9.29 लाख का सामान जब्त



ये आरोपी पकड़े गए

पुलिस ने चोवाराम साहू (22), निवासी भोईनाभाठा, मानसिंग साहू (36), निवासी खिलोरा, यशवंत वर्मा (44), निवासी बहेरा घिवरी, बलवंत वर्मा (52), निवासी केवांछी, अनिल साहू (26), निवासी देवरी बेरला, राहुल कश्यप (24), निवासी ▶▶|शेष पेज 13 पर

एक सप्ताह से बह रहा नहर का पानी, कटाई के समय खेतों में जलभराव से किसान परेशान

नहर की टूटी पटरी ने डुबोई किसानों की उम्मीद, खेतों में घुटनेभर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकासखंड के ग्राम पंचायत बोरतरा के चिलहीखार क्षेत्र में नहर की टूटी पटरी किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। पिछले करीब एक सप्ताह से बड़ी नहर की पटरी टूटने के कारण लगातार पानी खेतों में घुस रहा है। स्थिति यह है कि कटाई के मुहाने पर पहुंच चुकी धान की फसल खेतों में घुटनेभर पानी में डूबी हुई है।

लगातार जलभराव से फसल के सड़ने, गिरने और खराब होने का खतरा बढ़ गया है। महीनों की मेहनत के बाद तैयार फसल को आंखों के सामने बर्बाद होते देख किसानों में आक्रोश है। सबसे गंभीर बात यह है कि किसानों द्वारा संबंधित सिंचाई एवं नहर विभाग के अधिकारियों को बार-बार सूचना देने के बावजूद अब तक न तो टूटी पटरी की मरम्मत कराई गई और न ही खेतों में घुस रहे पानी को रोकने की प्रभावी व्यवस्था की गई।किसानों के सामने अब दोहरी परेशानी खड़ी हो गई है। एक ओर खेतों में पानी भरा होने से तैयार फसल की कटाई नहीं हो पा रही है, वहीं दूसरी ओर लगातार जलभराव के कारण फसल खराब होने की आशंका बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि खाद, बीज, दवा, सिंचाई और मजदूरी पर पहले ही बड़ी रकम खर्च हो चुकी है। ऐसे समय में तैयार फसल खराब होने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

कटाई के समय पानी ने बढ़ाई सबसे बड़ी परेशानी: चिलहीखार क्षेत्र के खेतों में इन दिनों अर्ली धान की फसल पककर कटाई के लिए तैयार है। किसानों के मुताबिक धान की हारुणा किस्म की फसल विशेष रूप से प्रभावित हुई है। नहर का पानी लगातार खेतों में भरने के कारण कई खेत जलमग्न हो गए हैं। पानी और कीचड़ के बीच फसल की कटाई करना मुश्किल हो गया है। मशीन से कटाई कराने में भी परेशानी आ रही है, वहीं मजदूरों से कटाई कराना भी संभव नहीं हो पा रहा है। यदि जल्द पानी की निकासी नहीं हुई तो पक चुकी धान की फसल जमीन पर गिरकर सड़ सकती है।



एक सप्ताह से बह रहा पानी विभाग की कार्रवाई का इंतजार

किसानों का आरोप है कि नहर की पटरी टूटने के बाद से लगातार पानी का बहाव खेतों की ओर हो रहा है। इसकी सूचना संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को कई बार दी गई। ग्रामीणों द्वारा मौखिक और लिखित रूप से समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक मौके पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते नहर की मरम्मत कर पानी का बहाव नहीं रोका गया तो नुकसान का दायरा लगातार बढ़ता जाएगा।

तत्काल नहर बंद कर पानी निकासी की मांग

क्षेत्र के किसानों ने जिला प्रशासन और जलसंसाधन विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके का निरीक्षण कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि पहले टूटी नहर की पटरी की मरम्मत कर पानी का बहाव रोका जाए और इसके बाद खेतों में जमा पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए। साथ ही जलभराव से फसल को हुए नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को नियमानुसार राहत एवं मुआवजा दिलाने की मांग भी की गई है। किसानों ने चेतावनी दी है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो तैयार धान की पूरी फसल बर्बादी की चपेट में आ सकती है।

कांग्रेस ने सहयोगी दलों के साथ मिलकर फूंका ज्ञानेश कुमार का पुतला, पुलिस से हुई झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के संयुक्त नेतृत्व में केंद्र सरकार व चुनाव आयोग की लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ एक विशाल जन-आक्रोश मार्च आयोजित किया गया। पैदल मार्च जेआरडी स्कूल के सामने स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा से प्रारंभ होकर डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा कलेक्टोरेट परिसर तक निकाला गया। मार्च के दौरान कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचने से पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा भारी बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया गया, जहां कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी बहस व जमकर झूमाझटकी हुई। पुलिस की भारी मौजूदगी के बावजूद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पटेल चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इसके पश्चात दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्रकार सहित प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को कलेक्टर दुर्ग के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि देश का लोकतंत्र और हमारी संवैधानिक संस्थाएं इतिहास के सबसे गंभीर संकट से गुजर रही है। सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणियों ने यह पूरी तरह साफ कर दिया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग निष्पक्षता छोड़ सत्ता पक्ष के उपकरण के रूप में काम कर रहा है। बिना सर्वोच्च न्यायालय की मंजूरी और नियमों को दरकिनार कर फॉर्म-6 में अवैध बदलाव किए गए, जिससे देश के लाखों वैध नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से वंचित कर दिया गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त का कृत्य लोकतंत्र के साथ एक बड़ा धोखा

धीरज बाकलीवाल ने कहा दो वरिष्ठ चुनाव आयुक्तों ने इस असंवैधानिक बदलाव पर आपत्ति जताई थी, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपनी तानाशाही से उसे दबा दिया। सर्वोच्च न्यायालय में झूठ बोलना और संविधान को ठेंगा दिखाना सीधा देशद्रोह जैसा कृत्य है। मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के नाम पर किया गया यह कृत्य लोकतंत्र के साथ एक बड़ा धोखा है। जब सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि उन्होंने फॉर्म-6 में बदलाव की कोई मंजूरी नहीं दी थी, तो आयोग का यह कदम पूरी तरह असंवैधानिक साबित होता है। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर लाखों मतदाताओं के नाम सूची से हटाना लोकतंत्र की हत्या है। आज दुर्ग की जनता और कार्यकर्ताओं ने पुलिस के बैरिकेड्स तोड़कर यह संदेश दे दिया है कि संविधान से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त को तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना ही होगा।

समाजवादी पार्टी ने भी दिया प्रदर्शन को समर्थन



मार्च को समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष रज्जाक अली, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव कामरेड एसपी डे, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव कामरेड विनोद कुमार सोनी तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के कामरेड विजेंद्र तिवारी ने अपने-अपने दलों की ओर से समर्थन किया और कहा कि यह लड़ाई किसी एक दल की नहीं, बल्कि देश के आम नागरिक के मताधिकार और संविधान को बचाने की लड़ाई है। चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र संस्था में बैठे शीर्ष पद पर आसीन व्यक्ति जब खुद वैधानिक नियमों का उल्लंघन करे, तो यह देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर बहुत बड़ा धब्बा है। रज्जाक रजा ने कहा कि देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। आगामी दिनों में और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रतिमा चंद्राकर, राजीव गुप्ता, दीपक दुबे, महेंद्र वर्मा, तरुण बिजौर, निरंजन राजपूत, उमाकांत चंद्राकर, दर्शन सिंह, कमलेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

खबर संक्षेप

रविशंकर स्टेडियम में सेवा संकल्प शिविर आज

दुर्ग। जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 8 अक्टूबर को रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में जिला स्तरीय सेवा संकल्प शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में जिले के सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्त शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को सहायता अनुदान, विभिन्न योजनाओं के लाभ एवं सामग्री का वितरण किया जाएगा। शिविर में आम नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने और उन्हें मौके पर लाभ दिलाने की पहल की जाएगी। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां नागरिक अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संबंधित विभाग से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा उपलब्ध सेवाओं का लाभ ले सकेंगे।

नवाचार इनोवेशन को मौका, 17 तक पंजीयन

दुर्ग। घर, खेत, समूह और कार्यस्थल पर महिलाएं प्रतिदिन संसाधनों के बेहतर उपयोग के नए तरीके खोजती हैं। ईंधन बचाने वाला चूल्हा, स्व-सहायता समूह के उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग और ऑनलाइन बिक्री का नया मॉडल, या पोषण और स्वच्छता से जुड़े सरल उपकरण ऐसे विचार छोटे स्तर से शुरू होकर बड़े बदलाव का आधार बन सकते हैं। सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 महिलाओं को ऐसे नवाचारी समाधान आगे लाने का अवसर देता है। चैलेंज में प्रत्येक क्षेत्र का एक पुरस्कार महिला श्रेणी के लिए आरक्षित है। इस श्रेणी में तीन प्रकार से आवेदन किया जा सकता है। कोई महिला व्यक्तिगत रूप से ऐसी टीम जिसके मुख्य सदस्यों में कम से कम 50 प्रतिशत महिलाएँ हों; अथवा ऐसी संस्था जिसकी कम से कम 51 प्रतिशत अंशधारिता पिछले दो माह या अधिक से महिलाओं के पास हो। छात्राएं, गृहिणियां, शिक्षिकाएं, शोधार्थी, महिला उद्यमी तथा महिला स्व-सहायता समूह सभी इसमें भाग ले सकते हैं। आवेदक अथवा टीम के किसी एक सदस्य के पास छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। प्रत्येक विजेता को 10 लाख की राशि दी जाएगी। आवेदन पोर्टल sevainnovationchallenge.in पर मोबाइल ओटीपी से पंजीयन कर किया जा सकता है। आवेदन 17 अक्टूबर तक किया जा सकता है।

प्रवचन : जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया

बदनारा भागवत कथा में गूंजा कृष्ण नाम, भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम बदनारा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर रास-महारास, कंस वध और कृष्ण-रुक्मणी विवाह तक के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। रावाभाठा बंजारी धाम से पधारे कथावाचक आचार्य महादेव महाराज ने कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति, प्रेम और धर्म के मार्ग का संदेश दिया। कथा के दौरान पूरा वातावरण कृष्ण भक्ति से सराबोर रहा।

कथावाचक आचार्य महादेव महाराज ने श्रीमद्भागवत के प्रसंगों की व्याख्या करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के रास-महारास का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान की लीलाएं केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भक्त और भगवान के बीच प्रेम, समर्पण और आध्यात्मिक संबंध का प्रतीक हैं। प्रसंग के दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से कथा स्थल गूंजता रहा।

कंस वध से अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश: कथा में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अत्याचारी कंस के वध का प्रसंग भी सुनाया गया। महाराज ने कहा कि जब-जब अधर्म बढ़ता है, तब धर्म की स्थापना के लिए ईश्वर का अवतार होता है। कंस वध प्रसंग ने श्रद्धालुओं में उत्साह भर दिया और पंडाल में भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे गूंज उठे।





कृष्ण-रुक्मणी विवाह पर भक्तिमय हुआ माहौल: इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। विवाह प्रसंग के दौरान कथा स्थल का वातावरण उत्सवमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति और उल्लास के साथ कथा का श्रवण किया। कथा के माध्यम से आचार्य महादेव महाराज ने वैवाहिक जीवन में प्रेम, विश्वास और समर्पण के महत्व को भी रेखांकित किया।

मधु रॉय ने लिया व्यासपीठ का आशीर्वाद

कथा में नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय भी शामिल हुईं। उन्होंने कथा स्थल पहुंचकर व्यासपीठ का दर्शन किया और कथावाचक आचार्य महादेव महाराज का आशीर्वाद लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर कथा का श्रवण किया। इस दौरान धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह नजर आया। भागवत कथा में जनपद सदस्य शिव प्रसाद साहू, द्रोपद साहू, तीरथ राम साहू, श्यामजी साहू, सोनबाकरा परिवार, देवेंद्र साहू, चुरावन साहू, लोकनाथ साहू, पुरुषोत्तम वैष्णव, विश्वासी साहू, जगत साहू, सिया साहू, लोकेंद्र साहू, जनक साहू, विजय साहू, अमोली साहू, उमेंद्र साहू, बबला साहू, चोवाराम वर्मा, भुवन साहू, कौशल साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, सुभाष साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से श्रीमद्भागवत का श्रवण किया।

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के छात्र वाशु बंसल का भारत के टॉप-50 चेंजमेकर्स में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के छात्र वाशु बंसल ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। प्रतिष्ठित चेंजमेकर्स वर्ल्ड कप-2026 में देशभर के 10 हजार से अधिक युवा प्रतिभागियों में से वाशु का चयन भारत के टॉप-50 चेंजमेकर्स में हुआ है। खास बात यह है कि वे छत्तीसगढ़ से चयनित एकमात्र छात्र हैं। यह पहल वन मिलियन फॉर वन बिलियन की ओर से युवाओं में नेतृत्व, नवाचार और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। वाशु की उपलब्धि को वैश्विक पहचान तब मिली, जब उन्हें 10वें 1M1B इम्पैक्ट समिट में शामिल होने का आमंत्रण मिला।

- जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत का प्रतिनिधित्व करने मिला आमंत्रण, छत्तीसगढ़ से एकमात्र छात्र

यह सम्मेलन 19 और 20 नवंबर 2026 को स्विट्जरलैंड के जिनेवा स्थित पैलेस ऑफ नेशंस, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित होगा। सम्मेलन में दुनिया के विभिन्न देशों के युवा चेंजमेकर्स,राजनयिक, विशेषज्ञ, नवप्रवर्तक और युवा नेता शामिल होंगे। जिनेवा में वाशु को नेशनल जियोग्राफिक, सीईआरएन, विश्व आर्थिक मंच,अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ और अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़ी विशेष कार्यशालाओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा वे विद्यार्थियों की जलवायु कार्रवाई से जुड़ी परियोजनाओं और पहलों को देखने तथा उनके मूल्यांकन में भी योगदान देंगे। संयुक्त राष्ट्र के ऐतिहासिक सभागारों में होने वाले मुख्य सत्रों में वैश्विक विशेषज्ञों और विचारकों से संवाद का अवसर भी मिलेगा।

विद्यालय के अनुसार, वाशु का चयन उनकी योग्यता, नवाचार और सामाजिक प्रभाव से जुड़े कार्यों के आधार पर हुआ है। इसमें किसी प्रकार का पंजीकरण या सहभागिता शुल्क नहीं है। विद्यालय प्राचार्य गिरीश कुमार ने वाशु की उपलब्धि को एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल और छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि टॉप-50 चेंजमेकर्स में चयन वाशु की रचनात्मकता, नवाचार और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने भी वाशु को बधाई देते हुए कहा कि बेमेतरा के विद्यार्थी का भारत के टॉप-50 चेंजमेकर्स में स्थान बनाना और संयुक्त राष्ट्र, जिनेवा के वैश्विक मंच पर आमंत्रित होना ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वाशु की सफलता प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है।

बेमेतरा से जिनेवा तक पहुंची युवा प्रतिभा

वाशु बंसल की उपलब्धि ने यह साबित किया है कि छोटे शहरों के विद्यार्थी भी अपनी प्रतिभा और सकारात्मक सोच के दम पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच सकते हैं। चेंजमेकर्स वर्ल्ड कप का संदेश "गेम ऑन, चेंज ऑन" भी उनकी यात्रा को सार्थक रूप से दर्शाता है। भारत के टॉप-50 चेंजमेकर्स में स्थान बनाने के बाद अब संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक मंच पर पहुंचने जा रहे वाशु अपने साथ बेमेतरा, छत्तीसगढ़ और भारत की युवा प्रतिभा की पहचान भी लेकर जाएंगे।

मुक्तिधाम बदहाल, 27 लाख का सामुदायिक भवन जर्जर, 10 साल से उद्घाटन का इंतजार

भिलाई। नगर निगम भिलाई के जोन-1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-3 मॉडल टाउन में वार्ड परिक्रमा के दौरान क्षेत्र की कई बुनियादी समस्याएं सामने आईं। कहीं लाखों रुपए की लागत से बना सामुदायिक भवन वर्षों से उपयोग और उद्घाटन का इंतजार कर रहा है, तो कहीं मुक्तिधाम की बदहाली लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जबकि कई बार जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सामने इन समस्याओं को रखा जा चुका है। मॉडल टाउन में करीब 27 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन पिछले लगभग 10 वर्षों से उद्घाटन का इंतजार कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार भवन बनने के बाद भी इसका नियमित उपयोग शुरू नहीं हो सका। देखरेख और उपयोग के अभाव में भवन की स्थिति धीरे-धीरे खराब होती जा रही है। क्षेत्र में सामुदायिक भवन की आवश्यकता होने के बावजूद तैयार भवन का उपयोग नहीं हो पाना लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

ठेले और पसरे लगने से हर दिन हो रहा ट्रैफिक जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

इंदिरा मार्केट की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एक बार फिर नए सिरे से तैयारी शुरू की गई है। इंदिरा मार्केट मार्ग और चौक के आसपास पसरा और ठेला लगाने वालों को निगम उतई टैम्पो स्टैंड के पास निर्धारित जगह पर शिफ्ट करेगा। इसे लेकर महापौर ने ने आयुक्त लीना कोसम और सभापति श्याम शर्मा के साथ बैठक की। बैठक में इंदिरा मार्केट की व्यवस्थाओं, यातायात व्यवस्था एवं



व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में महापौर ने व्यापारियों से बारी-बारी चर्चा करते हुए बाजार की वर्तमान स्थिति, दुकानों की समस्याओं, यातायात व्यवस्था एवं अतिक्रमण सहित अन्य विषयों पर सुझाव लिए। बैठक में इंदिरा मार्केट की कुछ दुकानों के जर्जर होने तथा आवश्यक मरम्मत कार्य को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान व्यापारियों से कहा गया कि जिन दुकानों में मरम्मत की आवश्यकता है, वे नियमानुसार आवश्यक मरम्मत कार्य अपने स्तर पर स्वयं के व्यय से कराने को लेकर निर्णय लें, ताकि दुकानों की स्थिति बेहतर हो सके और व्यापारियों को भी किसी प्रकार की परेशानी न हो।

सफाई कार्य में लगीं स्वच्छता दीदियों को मिला सम्मान



भिलाई। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया। नगर पालिका परिषद जामुल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर प्रमुख रूप से मौजूद थे। स्वच्छता दीदियों महादेव के दर्शन भी कराए गए। ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि बीते 5 वर्षों से जामुल नगर पालिका क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में अपना अमूल्य योगदान दे रही हमारी सभी स्वच्छता दीदियों का मैं हृदय की गहराइयों से आभार। हर सुबह जब पूरा शहर गहरी नींद में होता है, तब ये दीदियां पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ सड़कों पर उतरती हैं और अपने अथक परिश्रम से हमारे शहर को संवारती हैं। उनके इस निस्वार्थ सेवा-भाव और अदम्य जज्बे को मेरा कोटि-कोटि प्रणाम, शत-शत नमन। इस अवसर पर स्वच्छता दीदियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

पाटन व अहिवारा में गंदे पानी को साफ करने के लिए बनेगा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

दुर्ग। जिले में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नगरीय निकायों के सुव्यवस्थित विकास को गति देने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर पंचायत पाटन तथा नगर पालिका परिषद अहिवारा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए भूमि का आवंटन किया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के दिशा-निर्देशों एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र 4-1 की कंडिका 26 के प्रावधानों के तहत एक रुपये प्रति वर्गफीट की दर से निर्धारित मूल्य राज्य कोष में जमा कराए जाने के फलस्वरूप यह आवंटन बिना भू-भाटक प्रदान किया गया है। जारी आदेश के अनुसार पाटन पटवारी हल्का नंबर 38 स्थित खसरा नंबर 315 की 0.50 हेक्टेयर यानी 53,820 वर्गफीट शासकीय भूमि एसटीपी निर्माण के लिए दी गई है। वहीं अहिवारा के बानबरद में पटवारी हल्का नंबर 06 स्थित खसरा नंबर 1243 के कुल रकबा 3.10 हेक्टेयर में से 0.40 हेक्टेयर यानी 43,058.00 वर्गफीट शासकीय भूमि एसटीपी निर्माण हेतु आबंटित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आवंटित भूमि का उपयोग केवल निर्धारित जनउपयोगी एवं सार्वजनिक कार्य हेतु ही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भूमि का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा निर्माण के दौरान नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के प्रावधानों, लोकबाधा रहित संचालन, स्वास्थ्य सुरक्षा, सुविधा एवं पर्यावरण संरक्षण के मानकों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

कागज से क्लिक तक न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने की पहल

समंस की राह हुई डिजिटल, कोर्ट मोहर्रिरों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

याय व्यवस्था में तकनीक अब केवल भविष्य की बात नहीं रही, वह आज की न्यायिक कार्यप्रणाली का हिस्सा बन रही है। इसी बदलाव को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने की दिशा में दुर्ग जिला न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए न्यायालय के समस्त कोर्ट मोहर्रिरों को ई-समंस प्रणाली का प्रशिक्षण प्रदान किया।

जिला न्यायाधीश के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्पष्ट था समंस की पारंपरिक प्रक्रिया को तकनीक की गति से जोड़ना और न्यायिक प्रक्रिया को अधिक स्मार्ट, तेज एवं ट्रैक करने योग्य बनाना। न्यायाधीश प्रशांत पाराशर, रवि कुमार महोबिया ने ई-समंस प्रणाली पर विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कोर्ट मोहर्रिरों को प्रणाली के विभिन्न चरणों और न्यायालयीन कार्य में इसके प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कोर्ट मोहर्रिरों को ई-समंस प्रणाली के व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराया गया। इसमें ई-समंस तैयार करना, संबंधित पक्षकार अथवा गवाह को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रेषित करना, उसकी डिलीवरी की स्थिति देखना तथा प्राप्त डिजिटल डिलीवरी रिपोर्ट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों का सुरक्षित संधारण शामिल रहा। यानी, समंस भेजने से लेकर उसकी डिलीवरी तक की प्रक्रिया अब अधिक व्यवस्थित और डिजिटल रूप से ट्रैक की जा सकेगी। ई-समंस प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण पहलू इसकी गति और पारदर्शिता है।



पारंपरिक प्रक्रिया में जहां समंस की सेवा और उसकी स्थिति की जानकारी प्राप्त करने में समय लग सकता है, वहीं डिजिटल माध्यम प्रक्रिया को अधिक त्वरित और ट्रैक करने योग्य बनाने में मदद करता है। इससे न्यायालयीन कार्यप्रणाली में समय की बचत, प्रक्रिया की पारदर्शिता और कार्य की दक्षता बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

तकनीकी पहलुओं से कराया गया अवगत

प्रशिक्षण केवल किसी नई प्रणाली को चलाना सीखने तक सीमित नहीं रहा। कोर्ट मोहर्रिरों को प्रणाली का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया गया, ताकि वे वास्तविक न्यायालयीन कार्य में ई-समंस का प्रभावी और सुचारु उपयोग कर सकें। यह पहल इस बात का संकेत है कि न्यायालयीन व्यवस्था भी बदलती तकनीक के साथ कदम मिला रही है जहां फाइलों के साथ डिजिटल रिकॉर्ड, प्रक्रिया के साथ रियल टाइम ट्रैकिंग और पारंपरिक व्यवस्था के साथ तकनीकी उपयोगों के साथ न्याया आगे बढ़ रही है।

मंत्री गजेन्द्र ने ग्रामीणों से किया संवाद हितग्राहियों को वितरित किए प्रमाण-पत्र

दुर्ग। फेकारी में आयोजित सेवा सेतु कैंप में कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की तथा पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कैंप में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन किये और विभागीय अधिकारियों से ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके नवनिर्मित आवास की चाबी प्रदान की गई। साथ ही स्वच्छता कर्मियों को ड्रेस वितरण, हितग्राहियों को लोन वितरण तथा लखपति दीदियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हितग्राहियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंत्री ने कहा कि सेवा सेतु कैंप का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को ग्रामीणों के बीच पहुंचाना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी



पात्रता के अनुसार शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और उनका लाभ अवश्य लें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, प्रदेश मंत्री जीतेन्द्र वर्मा, जिला महामंत्री दिलीप साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला उपाध्यक्ष हर्षा लोकमणि चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, ग्राम सरपंच यीवगेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



मुड़पार स्कूल में अक्षय पात्र की टच-फ्री भोजन सेवा शुरू

ओखरा/मुरमुंदा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुड़पार में अक्षय पात्र फाउंडेशन (भिलाई) की हाइजीनिक टच-फ्री भोजन सेवा का शुभारंभ हुआ। इससे स्कूल के 140 बच्चों को रोजाना गर्म व पौष्टिक भोजन मिलेगा। प्रथम दिवस बच्चों को खिचड़ी और हलवा परोसा गया। इस व्यवस्था को शुरू कराने में सरपंच पुष्पा चौहान, श्यामसुंदर चौहान, प्रधान पाठक पायल बंछोर, शिक्षकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा।

प्रशासनिक उपेक्षा पर कोटवारों ने दिखाई एकजुटता

अंडा। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ (शाखा तहसील व जिला दुर्ग) ने विभिन्न मुद्दों को लेकर एकजुटता दिखाई है। इस संदर्भ में 8 अक्टूबर गुरुवार को तहसील कार्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय बैठक बुलाई गई है। जिलाध्यक्ष अनूप सिंह गर्ग ने बताया कि शासन स्तर पर कोटवारों को बेवजह परेशान किए जाने से वे आर्थिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। यदि उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण नहीं हुआ, तो संघ हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने पर मजबूर होगा। इस दौरान तहसील अध्यक्ष संतोष गजपाल, सचिव नारद दास मानिकपुरी, गोविंद दास मानिकपुरी, एस. कुमार चौहान, पाटन अध्यक्ष बलबीर सिंह आदि उपस्थित थे।

राम नाम रूपी सुरसरि की भव्य शुरुआत

जामगांव आर। भगवान श्रीरामचन्द्र जी, पितृ पूर्वजों एवं ग्राम्य देवताओं की पवित्र स्मृति में ग्राम जोरातराई में 75वें 'राम नाम रूपी सुरसरि' के भव्य आयोजन की शुरुआत मंगलवार की शाम से हो चुकी है। आयोजन के तहत जय मां शीतला जस झांकी एवं रामधुनी मंडली, बुल्लूटोला द्वारा भस्मासुर वध प्रसंग की मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही है। मुकेश कुमार सेन से मिली जानकारी के अनुसार, 7 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक जय मां शीतला रामधुनी मंडली, जोरातराई (आर) द्वारा शिव विवाह प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रद्धा महिला रामधुनी परिवार पेरपार (गुरूर) द्वारा शिकारी पुत्र शंकर प्रसंग तथा रात्रि 8 बजे से जय मड़िया बाबा रामधुनी मंडली द्वारा महिषासुर वध प्रसंग की प्रस्तुति दी जाएगी।

विभिन्न क्षेत्रों में योजनाओं का प्रचार भी जारी

सामाजिक और शासकीय अभियान में 'सेवा संकल्प' व 'आंगन मिलन' कार्यक्रमों की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭| जामगांव आर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में 'आंगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम कुम्हली (जामगांव आर) में मुख्य अतिथि सरिता साहू, सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर, मोगन सपहा व उपसरपंच विजय कुमार साहू की मौजूदगी में कुर्सी दौड़, रंगोली, गोदभराई, अन्नप्राशन और कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया, जहाँ भुनेश्वरी साहू, जमुनादेवी चंद्राकर, शशि चंद्राकर, सचिव अरुण निर्मलकर, शकुन महिपाल, कल्याणी साहू, पुष्पा यादव, पद्मा साहू, गीता चंद्राकर, शिला चंद्राकर, केवरा वर्मा, गीतांजली चंद्राकर, राधिका चंद्राकर, मीना चंद्राकर, संतोषी साहू, सरोजनी यादव, तारणी साहू, लता वर्मा, उषा साहू, होमिन साहू, गंगा साहू, उत्तरा साहू, रमशीला साहू, धनेश्वरी साहू, रिंकु गुप्ता, गुंजा साहू, धनेश्वर साहू, कामनी साहू, थानेश्वरी साहू, सोनिया साहू, भावना साहू, नवनीता साहू, माधुरी सिन्हा, संगीता साहू, सीमा यादव, पद्मणी महिपाल, पूजा यादव, खुशबू साहू, आरती सुपहा, नंदनी साहू, रमेश्वरी सुपहा, धनंजय सुपहा, नागेंद्र सुपहा, सोहन ठाकुर, तिहारू महिपाल, मेहत्तर यादव एवं खिलावन साहू उपस्थित रहे।

पोषण किट वितरण और कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



आमटी में पोषण जागरुकता कार्यक्रम

अंडा। ग्राम पंचायत आमटी में सेवा संकल्प अभियान के तहत गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने खेलकूद व मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। उपस्थित महिलाओं को संतुलित आहार और आंगनबाड़ी सेवाओं की जानकारी दी गई। आयोजन में सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, सचिव उत्तम देशमुख, पर्यवेक्षक कंचन गौतम, अक्षय पात्र फाउंडेशन की टीम एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

महिलाएं हैं समृद्ध समाज की आधारशिला



पाटन। ग्राम महुदा व खम्हरिया (कु.) में जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने महिलाओं को समृद्ध समाज की आधारशिला बताया, जहाँ तृप्ति चंद्राकर, मधु कांता साहू, दामिनी साहू, घनश्याम कौशिक, सरपंच सोनिया यादव, उपसरपंच मनोज देशलहरे, सचिव दशमत सोनवानी व रानी साहू मौजूद रहे। ग्राम खोपली में बिंदु देशलहरे, सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा, विमला कामड़े, राकेश देवांगन, सचिव पुराणिक साहू, पंच शुभम वर्मा, योगेंद्र साहू, सुरेश यादव, अरुण चंद्राकर, रंजना वर्मा, सुलोचना, कल्याणी चंद्राकर, कुमारी भारती, गोदावरी देशलहरे तथा कार्यकर्ता धरम बाई चंदेल, मधुलता काकड़े, दीपक चंद्राकर, फुलेश्वरी पाटिल, सुनीति साहू, श्यामाबाई कोशरे, गंगा बाई, अमरीका वर्मा व चांदनी गायकवाड़ ने विभागीय जानकारी साझा की।

संदीपनी अकादमी में आयोजित 'नमो सेवा' कार्यक्रम

ओखरा /मुरमुन्दा। ग्राम अछोटी स्थित संदीपनी अकादमी में आयोजित 'नमो सेवा' कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, भिलाई जिला महामंत्री सुषमा जेठानी, मनोज तिवारी, एकता भोजराज साहू, नागेश साहू, हेमा भोजेश्वर साहू, शारदा जांगड़े, सरिता वर्मा, हीरालाल मारकंडे, पुष्पा साहू, मन्नू लाल साहू और बुधराम साहू ने सेवा संकल्प लिया। ग्राम घुघुवा, करसा और गभरा में प्रणव शर्मा, सुपरवाइजर संध्या सिंह, दुलारी वर्मा, सरपंच शैलेन्द्री साहू, कार्तिक साहू, कमलेश ठाकुर, पूनम पांडेय, राधिका देवांगन, कौशल्या साहू, अनीता साहू, शकुन साहू, सावित्री साहू, लुकेश्वरी व भुनेश्वरी ने बापू व शास्त्री जी को नमन कर योजनाओं की जानकारी दी और नवजात गौरव डहरिया का अन्नप्राशन कराया।


भानपुरी में खेलकूद प्रतियोगिता व कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



अण्डा। ग्राम भानपुरी में सभापति लोमश चंद्राकर और सरपंच उमेंद्री ठाकुर की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी पकवानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। खपरी सिलोदा (रसमड़ा) में जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय, अजय कुमार साहू व ऊषा झा के मार्गदर्शन तथा सरपंच अनसुईया साहू उपसरपंच दिनेश यादव, पंच उमेश्वरी साहू व पूर्व सरपंच नारायण साहू की उपस्थिति में सुपरवाइजर शशि रैदास, भानुप्रिया साहू, गिरिजा साहू व लक्ष्मी साहू को पुरस्कृत किया गया। जामुल के काली माता वार्ड 1 में पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर, जगदीश देवांगन, लक्ष्मी वर्मा, कार्यकर्ता सावित्री कहरा, सहायिका गौरी निषाद, मितानिन प्रतिमा साहू व परियोजना अधिकारी नीलम राय ने महिलाओं हेतु खेलकूद प्रतियोगिताएं कराईं।

फिर बदले अफसरों के प्रभार

पाटन। पाटन विधानसभा क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों के तबादलों का सिलसिला लगातार जारी है। अब पाटन के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पद की जिम्मेदारी नवपदस्थ डिप्टी कलेक्टर नीर निधि नंदेहा को सौंपी गई है। पाटन में एसडीएम के प्रभार में करीब दो सप्ताह पहले ही बदलाव कर प्रफुल्ल गुप्ता को यह जिम्मेदारी दी गई थी, जिन्हें हटाकर अब नीर निधि नंदेहा को कमान सौंपी गई है। इससे पहले उत्तम ध्रुव ने पाटन एसडीएम के रूप में बारिश और बाढ़ की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में क्षेत्र की व्यवस्था संभाली थी, जिसके बाद उनका स्थानांतरण महेंद्रगढ़ कर दिया गया था। उत्तम ध्रुव से पहले लवकेश ध्रुव पाटन एसडीएम थे, जिन्हें धमधा भेजा गया था। करीब चार महीने के भीतर लगातार हो रहे इन बदलावों से स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज है कि आखिर पाटन में स्थायी एसडीएम की पदस्थापना कब होगी। एसडीएम के साथ ही तहसीलदार पद पर भी लगातार फेरबदल देखा गया है। पवन ठाकुर के स्थानांतरण के बाद ममता टावरी को पाटन का तहसीलदार बनाया गया था, लेकिन पदभार ग्रहण करने से पहले ही उनका स्थानांतरण नारायणपुर कर दिया गया, जिसके बाद अब मनोज गुप्ता को पाटन तहसीलदार की जिम्मेदारी दी गई है। राजस्व विभाग के इन दोनों प्रमुख पदों पर बार-बार हो रहे बदलावों से क्षेत्र की जनता के मन में प्रशासनिक व्यवस्था और राजनीतिक दबाव को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। अब नई एसडीएम नीर निधि नंदेहा के पदभार संभालने के बाद देखना होगा कि पाटन की प्रशासनिक व्यवस्था किस दिशा में आगे बढ़ती है।





कर्मी को दी विदाई

अण्डा। छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी अंडा में पदस्थ विक्रम सिंह निर्मलकर को उनके स्थानांतरण/कार्यकाल समाप्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालन यंत्री दुर्ग ग्रामीण छगन शर्मा, सहायक यंत्री अविनाश दुबे, श्रीकांत बकगयई, कनिष्ठ यंत्री गोपाल वर्मा, मौलेश साहू, धनेश चन्द्राकर, लोकेश्वर बागडे, लोकनाथ, नरेन्द्र साहू, टिकेश्वर यादव, शिव यादव, अरुण साहू, संदीप मंडावी, यशवंत साहू, तुलसी साहू, तामलाल देशमुख, गिरधर, सूरज मधु साधू, अज्जू दिल्लीवार, रानू चन्द्राकर, गजेन्द्र मेश्राम, निरंजन वर्मा, भागवत देवांगन, निलकंठ निर्मलकर, सूगर्देव, सावन साहू, राजेन्द्र ताम्रकार, रामकुमार साहू, जनक सिन्हा, टिकेश्वर, डिगेन्द्र, उमेश और अजय चौहान ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पारंपरिक खेल विकसित करते हैं आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता : साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭|पाटन

जय मां शीतला कबड्डी दल एवं ग्रामवासी करेला के तत्वाधान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अशोक साहू (विधायक प्रतिनिधि, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग) थे। अध्यक्षता राजेश ठाकुर (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस जामगांव आर)ने की,विशेष अतिथि रुपेन्द्र शुक्ला(अध्यक्ष सरपंच संघ पाटन), डा राजेश बन्छोर (सरपंच), यादव राम सेन (पूर्व सेक्टर प्रभारी), गोकुल ठाकुर समाजसेवी, रोहित साहू,भानु वर्मा, बुधराम देशमुख रहे। मुख्य अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने छत्तीसगढ़ की खेल,परम्परा, संस्कृति को सहेजने के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है।ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर और सरपंच संघ अध्यक्ष रूपेंद्र शुक्ला ने भी संबोधित किया। इस दौरान छबि ठाकुर,लोमश बंजारे,विजय बंछोर, डा दिनेश सोनी, ऐनुराम साहू,अध्यक्ष तोमेश्वर कंवर, उपाध्यक्ष हितेश यादव, सचिव संदीप ठाकुर, कोषाध्यक्ष लालजी यादव प्रशांत बंछोर, ऋतिक कंवर, हेमंत यादव, भैरव लाल, नरेश, गुलाम, तेजराम, पारस, डाकेश आदि उपस्थित थे।

अंचल की खबरें

'स्वच्छता ज्ञान यात्रा' में भागीदारी दी बच्चों ने



उतई। भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में केंद्रीय विद्यालय सी.आई.एस.एफ. उतई में 'स्वच्छता ज्ञान यात्रा' का आयोजन किया गया। छात्रों ने नाटक प्रस्तुत कर अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस-तरल कचरा निपटान, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन का संदेश दिया। मुख्य अतिथि रूना चौधरी ने स्वच्छता को आदत बनाने पर बल दिया, जबकि कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार शर्मा ने किया। इस मौके पर सोमा शील गुहा, सृजन, ए.बी. सिंह, निधि केरकेट्टा, उमेश कुमार संत, माधुरी, आशीष, आंचल सिंह, आंचल कन्नौजे, नमिता, दीप्ति, सीमा विश्वकर्मा, ऋतु कुम्भकार, राजन शर्मा, किरण और ममता उपस्थित थे।

28 राज्यों की यात्रा कर लौट रहे सौरभ का स्वागत



पाटन। भारत भ्रमण के उद्देश्य से पैदल यात्रा पर निकले छत्तीसगढ़ के सौरभ देवांगन 28 राज्यों एवं 5 केंद्र शासित प्रदेशों की यात्रा पूरी करने के पश्चात रायपुर लौट रहे हैं। इसी दौरान ग्राम औरी में परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के पदाधिकारियों से उनकी मुलाकात हुई। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने सौरभ देवांगन से उनकी यात्रा के अनुभवों के संबंध में चर्चा की तथा उनके साहस, संकल्प और पर्यावरण संरक्षण के संदेश की सराहना की। सौरभ देवांगन ने बताया कि वे 7 अक्टूबर 2021 से भारत की पैदल यात्रा पर निकले हैं। अब तक वे देश के 28 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में पैदल भ्रमण कर चुके हैं और इस दौरान 20 हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुके हैं। ग्राम औरी में हुई इस मुलाकात के दौरान परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के पदाधिकारियों ने सौरभ देवांगन को उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके अनुभवों को समाज एवं युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। सौरभ देवांगन ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण और समाजहित में मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। सौरभ देवांगन, मूलतः ग्राम जारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) के निवासी हैं।

चंद्रशेखर को मिला 'बेस्ट यंग फार्मर अवार्ड'



पाटन। आईसीएआर-सीआईएई संस्थान, भोपाल में दिल्ली प्रेस की कृषि पत्रिका 'फार्म एन फूड' द्वारा आयोजित 'राज्य स्तरीय फार्म एन फूड कृषि सम्मान अवार्ड' में ग्राम चंगोरी (पाटन) के चंद्रशेखर वर्मा को 'बेस्ट यंग फार्मर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह और राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की उपस्थिति में यह पुरस्कार खेती में तकनीकी नवाचार और आधुनिक तरीकों को अपनाने के लिए दिया गया। 100 से अधिक नामांकनों में से 4-सदस्यीय जूरी ने विजेताओं का चयन किया था।

पूर्व मंत्री की मौजूदगी में मनाया राजीव का जन्मदिन



धमधा। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता के जन्मदिन पर धमधा में कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जनसैलाब उमड़ा। समारोह में पूर्व कृषि मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविंद्र चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने राजीव गुप्ता की राजनीतिक व सामाजिक सक्रियता की सराहना करते हुए केक कटवाया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने बधाई देते हुए राजीव गुप्ता के निरंतर जनजुड़ाव को रेखांकित किया। इस अवसर पर राजीव गुप्ता ने रविंद्र चौबे के आगमन को अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्य हमेशा मिसाल बने रहेंगे। इस दौरान दानेश्वर साहू, शमशीर कुरैशी, निर्मल जैन, मधुसूदन राणा, अरुण साहू, जालम पटेल, राज पटेल, संतलाल बंजारे, हिम्मत ढीमर, ज्वाला साहू, अघ्नु पाल, राजेश मानिकपुरी, बंटी वैष्णव, जीवन निर्मलकर, जितेंद्र वर्मा, परमेश्वर यादव, देवेंद्र चंदेल, यगेन्द्र दिल्लीवार, योगेश साहू, रेवा बंजारे, लुमेश्वर पटेल, रामकुमार पटेल, रोमन पटेल, टीकाराम उमरे, श्रवण साहू, आकाश द्विवेदी, विजय दीमर, सुरेश ढीमर, सुमन्त ताम्रकार, विनोद पटेल, त्रिलोकी पटेल, रामचन्द्र जंघेल, पप्पू सोनवाने, मुकेश वर्मा, निक्की राजपूत, बब्बू वैष्णव, अनिल साहू आदि मौजूद थे।

जन्मदिन पर कराया नेवता भोज



अण्डा। ग्राम जंजगिरी के वार्ड 3 के पंच नरेंद्र देशमुख ने अपने जन्मदिन पर शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के 156 विद्यार्थियों को नेवता भोज कराया तथा रसोइयों को साड़ियाँ भेंट कीं, जहाँ प्रधान पाठक सरिता दुबे, जयश्री गौतम, डूलेश्वर चंद्राकर, पंच किशोर देशमुख, परसराम ठाकुर व प्रदीप देशमुख उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष

शिवनाथ की बाढ़ से ....

इन गांवों में बाढ़ का असर: बेरला तहसील के शिवनाथ तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ का असर व्यापक रूप से सामने आया है। कुम्हिगुड़ा, डंगनिया, खम्हरिया-एम, रेवे, मंगलौर, भरचट्टी, सिंवार, भाठासोरही, सलधा, टकसींवा, अतरगढ़ी, बूढ़ाजौंग, रांका, बहेरघट, सण्डी, मनियारी, चेतवा और किरितपुर सहित करीब दो से तीन दर्जन गांव बाढ़ से प्रभावित बताए जा रहे हैं। इन गांवों के नदी किनारे और निचले हिस्सों में स्थित खेतों में जलभराव के कारण फसल को सबसे अधिक नुकसान हुआ है।

बाढ़ के दौरान कई किसान लगातार खेतों की स्थिति पर नजर रखे हुए थे। उन्हें पानी उतरने के बाद फसल के बच जाने की उम्मीद थी, लेकिन खेतों में पहुंचने पर खराब हो चुकी फसल देखकर उनकी चिंता बढ़ गई। कई किसानों का कहना है कि फसल पूरी तरह तैयार होने से पहले ही बाढ़ ने उसे चौपट कर दिया। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सर्वे की प्रक्रिया जल्द पूरी कर वास्तविक नुकसान दर्ज किया जाए। किसानों का कहना है कि खेतों की मौके पर जांच कर नुकसान का आकलन किया जाए, ताकि कोई भी प्रभावित किसान राहत से वंचित न रहे। उन्होंने शासन से नियमानुसार जल्द मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

जलस्तर घटा, लेकिन किसानों की चिंता बरकरार: शिवनाथ नदी का जलस्तर अब कम हो चुका है और बाढ़ की स्थिति सामान्य हो रही है, लेकिन किसानों की परेशानी अभी खत्म नहीं हुई है। खेतों में जमा पानी से खराब हुई फसल और आगे की खेती को लेकर किसान चिंतित हैं। जिन किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है, उनके लिए अगले कृषि चक्र तक आर्थिक स्थिति संभालना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। प्रशासनिक सर्वे के बाद नुकसान का कितना आंकड़ा सामने आता है और कितने किसानों को क्षतिपूर्ति मिलेगी, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। फिलहाल बाढ़ का पानी उतरने के बाद खेतों में दिखाई दे रही तबाही ने बेरला अंचल के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बाढ़ से हुए नुकसान और प्रशासनिक स्तर पर चल रहे सर्वे को लेकर बेरला एसडीएम दीप्ति वर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका संपर्क नहीं हुआ। ऐसे में सर्वे की समय-सीमा और प्रभावित किसानों को राहत उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को लेकर प्रशासन की ओर से विस्तृत जानकारी सामने नहीं आ सकी।

सेवा की ज्योति लेकर ....

की नींव रखी है। **'विश्व में बढ़ाया भारत का मान: खाद्य मंत्री दयाल दास :** खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन ने यह साबित किया है कि सच्ची राजनीति सेवा का ही दूसरा नाम है। मोदी के नेतृत्व में भारत का विश्व में मान बढ़ा है। आज दुनिया भारत की बात को गंभीरता से सुनती है। सड़क, बिजली, पानी, आवास और किसानों के सम्मान सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास के कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प के 25 वर्ष केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन में आए बदलाव की यात्रा है।

युवा शक्ति को राष्ट्रसेवा से जोड़ने का संदेश: दीपेश: बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सेवा ज्योति कलश यात्रा युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव जगाएगी। प्रधानमंत्री ने देश को यह संदेश दिया है कि पद से बड़ी सेवा होती है। साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि यह यात्रा बेमेतरा जिले को सेवा और विकास के नए संकल्प से जोड़ेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

म्यूल बैंक खातों पर ...

मुताबिक पूछताछ में उसने पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र, देवरबीजा में अपने नाम से खाते खुलवाकर उनकी पासबुक और एटीएम दूसरे व्यक्ति को देने की बात स्वीकार की। इन खातों में धोखाधड़ी की रकम प्राप्त कर उसका इस्तेमाल किए जाने की जानकारी सामने आई। इसी तरह कुमार दास गायकवाड (27), निवासी मुंगेला (बाराडेरा), थाना चंदनू से पूछताछ में उसके पंजाब नेशनल बैंक, बंधन बैंक, यूनियन बैंक और एयरटेल पेमेंट बैंक के खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम के लिए किए जाने की जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने एटीएम की जानकारी अज्ञात व्यक्ति तक पहुंचाई थी। उसके कब्जे से चार खाता पासबुक और पांच एटीएम कार्ड बरामद किए गए।

पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र वर्मा और कुमार दास गायकवाड को 6 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण में एक अन्य आरोपिया के विरुद्ध भी न्यायालय के आदेश के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि म्यूल खातों की पहचान कर उनके धारकों तथा खाते खुलवाने के लिए प्रेरित करने और बैंक खाते किराये पर देने वालों की भी पड़ताल की जा रही है। मामले में आगे भी कार्रवाई की संभावना है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक सोनल ग्वाला, सहायक उप निरीक्षक सुरेश सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक रघुराज यदु, आरक्षक पुरुषोत्तम कुंभकार, शिव सेन सहित थाना स्टाफ की भूमिका रही।

ये आरोपी ...

कुर्सीपारा बेमेतरा, दुर्गेश वर्मा (23), निवासी कोबिया बेमेतरा, पंकज हिरानी (32), निवासी सिंधी कॉलोनी बेमेतरा और ओंकार साहू (20), निवासी सेमरिया को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। **संयुक्त टीम की कार्रवाई:** कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र कश्यप, प्रधान आरक्षक भूषण ठाकुर, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, नुरेश वर्मा, संजय साहू, संजय पाटिल, संतोष धीवर, जयकिशन साहू, थाना बेमेतरा से आरक्षक शिव सेन सहित साइबर सेल एवं थाना स्टाफ की भूमिका रही।

अमलेश्वरडीह में बापू का स्मरण व मंदिर का भूमिपूजन



पाटन। पाटन के अमलेश्वर डीह में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जनप्रतिनिधियों और समाज प्रमुखों ने बापू की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पार्षद डोमन यादव, एल्डरमैन रामाधार साहू, ग्राम अध्यक्ष चैन सिंह साहू, साहू समाज अध्यक्ष भागीराम साहू, उपाध्यक्ष संत राम साहू, अखाड़ा समिति संचालक देवप्रसाद साहू व कबड्डी समिति अध्यक्ष पन्नाराम साहू उपस्थित रहे। यहां माँ अंजनी अखाड़ा समिति द्वारा कबीर चौक स्थित हनुमान मंदिर के नए भवन निर्माण हेतु विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न कराया गया। वर्तमान में सद्गुरु कबीर साहेब मंदिर में विराजित हनुमानजी की प्रतिमा को भवन निर्माण के बाद नए मंदिर में स्थापित किया जाएगा। भूमिपूजन अवसर पर अमलेश्वर पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, डोमन यादव, रामाधार साहू, देवप्रसाद साहू, कौशल यादव, चैन सिंह साहू, भागीराम साहू, संतराम साहू, मोना साहू, हेमू साहू, डिगेश मेश्राम और कुलेश्वर साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ-
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
TPA की सुविधा
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज, न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम का गिफ्ट वितरण शुरू

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र में नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार वितरण का सिलसिला शुरू हो गया है। कर्मियों को ट्राली बैग बतौर उपहार बांटे गए। मुख्य अतिथि ने सभी की हौसलाआफजायी की। स्टील एम्प्लाइज यूनियन इंटक की मांग पर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा फरवरी 2025 में नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम प्रारंभ की गई थी। विभिन्न विभागों द्वारा निर्धारित मासिक लक्ष्य प्राप्त करने पर कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि/उपहार प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई थी। इसके तहत ओएचपी विभाग में कर्मचारियों को अमेरिकन टूरिस्टर के ट्रॉली बैग वितरित किए गए।

लोकल ट्रेन का ठहराव नहीं यात्री पहुंचे डीआरएम आफिस

भिलाई। लोकल ट्रेनों का ठहराव नहीं होने पर सी और डी केबिन के रहवासी रायपुर स्थित डीआरएम कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या से अवगत कराया है। इस दौरान जिला दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिला महामंत्री व प्रदेश महासचिव असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस राम सूर्यवंशी के नेतृत्व में पहुंचे थे। इस दौरान डीआरएम को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें बताया गया है कि समय रहते लोकल ट्रेनों का ठहराव नहीं होने पर रेलवे के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यहां से रोज हजारों की संख्या में लोग अपने काम पर लोकल ट्रेन से निकलते है। ठहराव नहीं होने से देवबलौदा,उरला और चरोदा आदि के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने एन शेखर राव, एन रामू, देवेंद्र, दिनेश यादव, संतोष साहू, रितु वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

पदोन्नति नहीं देने से नाराज टीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों ने शुरू किया सत्याग्रह

भिलाई। टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ ने पदोन्नति न्याय पदयात्रा निकालने के बाद मंगलवार से अनिश्चितकालीन सत्याग्रह शुरू कर दिया है। बीआईटी दुर्ग के सामने प्रशासन द्वारा निर्धारित धरना स्थल पर ये शिक्षक बैठे हुए हैं। पूरे दिन आंदोलनरत शिक्षकों ने अपनी मांग को लेकर नारेबाजी की और अपने हक के लिए सरकार को जमकर कोसा। दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, धमतरी, राजनांदगांव, कवर्धा, रायपुर, बिलासपुर सहित पूरे प्रदेशभर के प्रभावित शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दी। 7 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर जाने की चेतावनी भी दी गई ।

प्रधानमंत्री आवास की बकाया राशि जमा करने हितग्राहियों को डोर-टू-डोर सूचना

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मकानविहीन एवं किराये के मकानों में निवासरत परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस के तहत पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसा आवास आबंटित होने के पश्चात हितग्राहियों को आवास की शेष राशि जमा करने के लिए 9 माह की समयावधि प्रदान की गई थी। निर्धारित समयावधि पूर्ण होने के बावजूद कई हितग्राहियों द्वारा अब तक आवास की शेष राशि जमा नहीं की गई है।

साइबर ठगी के नए तरीकों से कराया अवगत, पीड़ितों को तत्काल मदद और 1930 पर शिकायत की दी जानकारी

डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते खतरे के बीच पुलिस को साइबर अपराध से निपटने का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी और साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों के बीच बेमेतरा पुलिस ने साइबर अपराध से निपटने के लिए अपने अमले को और अधिक सक्षम बनाने की कवायद शुरू की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में साइबर सेल की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

इसमें पुलिस अधिकारियों- कर्मचारियों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वॉलिंटियर्स को साइबर अपराध के बदलते स्वरूप, ठगी के नए तौर-तरीकों और आम लोगों को ठगी से बचाने के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध की रोकथाम को प्रमुखता से शामिल किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि साइबर अपराधी लगातार ठगी के नए तरीके अपना रहे हैं। ऐसे में पुलिसकर्मियों के साथ ही आम नागरिकों को भी साइबर अपराध की पहचान और उससे बचाव के उपायों की जानकारी होना जरूरी है। जिले के विभिन्न थाना, चौकी एवं पुलिस शाखाओं में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों को साइबर अपराध से जुड़े मामलों की पहचान, रोकथाम और पीड़ितों को तत्काल उचित मार्गदर्शन देने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। वहीं पैरालीगल वॉलिंटियर्स को भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने तथा साइबर ठगी का शिकार होने वाले लोगों को आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के तरीके बताए गए।

ये रहे मौजूद

कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वॉलिंटियर्स पंकज घृतलहरे, तरूण आनंद, तुवेन्द्र वर्मा, स्वाती कुंजाम, संजीव शर्मा, साधना शर्मा, देवेन्द्र यादव, नागेश सिन्हा, पवन कुमार साहू एवं वर्षा गौतम सहित जिले के विभिन्न थाना, चौकी और शाखाओं के पुलिस अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

साइबर सेल ने समझाए ठगी के नए तरीके

कार्यशाला में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा और प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह ने प्रशिक्षण दिया। उन्होंने साइबर अपराध के बदलते स्वरूप, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराध की शिकायत मिलने के बाद समय पर कार्रवाई के महत्व पर भी जोर दिया गया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि साइबर ठगी होने या किसी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि का सामना करने पर घबराएं नहीं और तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि साइबर ठगी के मामलों में शुरुआती समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। समय पर शिकायत मिलने से ठगी की रकम को रोकने और पीड़ित को राहत दिलाने की संभावना बढ़ जाती है।

मोटरसाइकिल में 39 पौवा शराब लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




बेरला क्षेत्र में अवैध शराब के परिवहन और बिक्री पर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल एवं थाना बेरला पुलिस की संयुक्त टीम ने एक युवक को मोटरसाइकिल में शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 39 पौवा देशी मसाला/अंग्रेजी शराब, कुल 7 हजार 20 मिलीलीटर, तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 49 हजार 300 रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार, 7 अक्टूबर को थाना बेरला पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति काला-नीला रंग की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 सीएच 8636 में अवैध शराब रखकर बिक्री के लिए बेरला से कारोकन्या मंदिर रोड होते हुए चंडी की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही साइबर सेल एवं थाना बेरला की संयुक्त टीम ने बेरला-अहिवारा मार्ग पर कारोकन्या मंदिर मोड़ के आगे मुख्य मार्ग पर घेराबंदी की। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए हुलिए और मोटरसाइकिल के आधार पर पुलिस ने ओमप्रकाश कुर्रे (29), पिता स्व. साधेलाल कुर्रे, निवासी ग्राम तिलई, थाना बेरला, जिला बेमेतरा को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 39 पौवा देशी मसाला/अंग्रेजी शराब बरामद हुई। शराब की मात्रा 7,020 मिलीलीटर और कीमत करीब 4,300 रुपए बताई गई है। इसके अलावा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की कीमत करीब 45 हजार रुपए है। पुलिस ने कुल 49 हजार 300 रुपए का सामान जब्त किया है।

आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

मामले में थाना बेरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी शराब कहां से लेकर आया था और इसे किस स्थान पर बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी बेरला उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रशिक्षु उप निरीक्षक गीतांजली, प्रधान आरक्षक नोहर यादव, साइबर सेल के आरक्षक संजय पाटिल व संतोष धीवर तथा थाना बेरला के आरक्षक तुकाराम निषाद सहित साइबर सेल एवं थाना बेरला के पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

नवरात्रि की तैयारियां तेज, रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाएगा मां महामाया मंदिर, दो दिन बाद शुरू होगा शारदीय नवरात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

शारदीय नवरात्रि के शुभारंभ में अब महज दो दिन शेष हैं। 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले नवरात्र पर्व को लेकर देवकर के ऐतिहासिक मां महामाया देवी मंदिर में तैयारियां तेज हो गई हैं। मंदिर परिसर में रंग-रोगन और साफ-सफाई का काम अंतिम चरण में है। वहीं मनोकामना ज्योत कलशों की सफाई और उनकी व्यवस्था को भी व्यवस्थित किया जा रहा है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। नवरात्रि के अवसर पर मां महामाया मंदिर को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया जा रहा है। मंदिर परिसर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाएगा। रात के समय विद्युत सजावट श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

- मंदिर में रंग-रोगन व साफ-सफाई के साथ मनोकामना ज्योत कलशों की व्यवस्था पूरी करने में जुटे

मंदिर की साज-सज्जा को आकर्षक रूप देने के लिए कार्यकर्ता लगातार काम कर रहे हैं। नवरात्रि के नौ दिनों में श्रद्धालु मां महामाया के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योत प्रज्वलित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। इसे देखते हुए मंदिर परिसर में साफ-सफाई सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है।

पंडालों में दिखने लगी नवरात्रि की रौनक: इधर, नगर में भी नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साह बढ़ने लगा है। विभिन्न स्थानों पर बांस, कपड़े और विद्युत झालरों से पूजा पंडालों को सजाने का काम चल रहा है। मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। वहीं नवरात्रि को लेकर बाजार में भी रौनक बढ़ने लगी है। पर्व के नजदीक आते ही देवकर में भक्ति और उत्साह का माहौल बनने लगा है।

नगर पंचायत मारो के पशु चिकित्सालय का भवन जर्जर, डॉक्टर नहीं रहते उपस्थित, किसानों ने लगाए गंभीर आरोप

मारो/नारायणपुर। स्थानीय पशु चिकित्सालय नगर पंचायत मारो की बदहाली का खामियाजा क्षेत्र के पशुपालकों और किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जहां चिकित्सालय का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जिसके चलते यहां पदस्थ डॉक्टर आडिल यहां उपस्थित नहीं रहते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पशु चिकित्सालय की सभी दवाइयां यहां न रखकर खपरी नांदघाट में रखी जाती हैं। कई किसानों ने शिकायत की है कि डॉक्टर द्वारा एक्सपायरी दवाइयों का उपयोग पशुओं के इलाज में कर दिया जाता है, जिससे पशुधन की हानि होती है। इतना ही नहीं, शासन द्वारा पशुपालकों के लिए निशुल्क प्रदत्त दवाइयों का भी पैसा वसूला जाता है, जिससे गरीब किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पशुपालकों ने यह भी बताया कि पशुओं के नस्ल सुधारने हेतु शासन की महत्वपूर्ण योजना कृत्रिम गर्भाधान की व्यवस्था भी इस केंद्र में नहीं हो पा रही है, जिसके कारण पशुपालन और दुग्ध उत्पादन पर विपरीत असर पड़ रहा है। क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से जर्जर भवन की मरम्मत, नियमित डॉक्टर की उपस्थिति और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है।



कलेक्टर ने साजा, देवकर व परपोड़ी का किया निरीक्षण



बेमेतरा। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने बुधवार को साजा, देवकर एवं परपोड़ी का सघन निरीक्षण कर राजस्व, प्रशासनिक एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की। साजा में उन्होंने खरीफ गिरदावरी कार्य का जायजा लेते हुए पटवारियों को मौके पर फसल सत्यापन कर सही एवं पारदर्शी जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गिरदावरी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। देवकर तहसील कार्यालय में कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली और समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। वहीं परपोड़ी में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर निर्माण गुणवत्ता और शेष कार्यों को समय पर पूरा करने कहा।

सेवा ही संकल्प अभियानः नवागढ़ में कल रक्तदान शिविर, जरूरतमंदों के लिए जुटेगा जीवनदायी रक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा संकल्प के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में चल रहे 'सेवा ही संकल्प' अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानव सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ़ में 9 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना है। विशेष रूप से गर्भवती माताओं, सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों, गंभीर एनीमिया से पीड़ित लोगों तथा थैलेसीमिया से जूझ रहे बच्चों के उपचार में रक्त की आवश्यकता होती है। आपात स्थिति में रक्त की कमी मरीजों के लिए बड़ी परेशानी बन जाती है।

- रक्तदान से कमजोरी नहीं, किसी की जिंदगी बचाने का अवसर'

ऐसे में शिविर के माध्यम से रक्तकोष में पर्याप्त मात्रा में रक्त संग्रह करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि जरूरत के समय मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके। शिविर में आम नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसमें रक्तचाप, रक्त शर्करा सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच की जाएगी और चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। इस तरह शिविर के माध्यम से एक ओर रक्तदान को बढ़ावा दिया जाएगा, वहीं दूसरी ओर लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी होगा।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एम. रज़ा ने कहा कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह स्वस्थ व्यक्ति के लिए मानवता की सेवा का पुनीत कार्य है। उन्होंने बताया कि 18 से 65 वर्ष की आयु का स्वस्थ व्यक्ति, जिसका वजन 45 किलो से अधिक हो, रक्तदान कर सकता है। उनके अनुसार एक यूनिट रक्त से जरूरतमंद मरीजों को जीवन बचाने में महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग नवागढ़ ने जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों, युवा संगठनों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट-गाइड, शासकीय एवं अशासकीय कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है। विभाग का कहना है कि रक्तदान केवल किसी जरूरतमंद की मदद नहीं, बल्कि संकट के समय किसी परिवार के लिए जीवन की उम्मीद बन सकता है।

बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुई ओटेबंद-भीमपुरी पुल की सड़क

बेमेतरा। जिले में पूर्व में हुई अत्यधिक बारिश और बाढ़ का असर अब भी कई ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों और पुल-पुलियों पर नजर आ रहा है। ओटेबंद एवं भीमपुरी के बीच स्थित पुल के ऊपर की सड़क बाढ़ के पानी के तेज बहाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क के क्षतिग्रस्त होने से दोनों गांवों के बीच आवागमन करने वाले ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से सड़क की स्थिति खराब होने के बावजूद मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

- ग्रामीणों को आवाजाही में हो रही दिक्कत, तत्काल मरम्मत की मांग; हादसे की आशंका

ग्रामीणों के अनुसार, बारिश और बाढ़ के दौरान पुल के ऊपर से पानी का तेज बहाव होने के कारण सड़क का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कई स्थानों पर सड़क की सतह उखड़ गई है तथा किनारे भी कमजोर हो गए हैं। इससे पुल से गुजरने वाले वाहनों को सावधानी बरतनी पड़ रही है। विशेषकर रात के समय यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। ओटेबंद और भीमपुरी के बीच यह मार्ग ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण है। रोजाना लोग इसी रास्ते से आसपास के गांवों, बाजार और अन्य जरूरी स्थानों तक पहुंचते हैं। सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण छोटे वाहनों के साथ ही दोपहिया चालकों को भी परेशानी हो रही है। बरसात के बाद सड़क की स्थिति और खराब होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से स्थल का निरीक्षण कर जल्द मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है।




तत्काल मरम्मत नहीं हुई तो बढ़ेगी परेशानी

ग्राम निवासी एवं युवक कांग्रेस के महासचिव जयप्रकाश राज ने प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि बाढ़ के कारण ओटेबंद-भीमपुरी के बीच पुल के ऊपर की सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। इससे ग्रामीणों को आने- जाने में काफी दिक्कत हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजकर क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण कराया जाए और बिना देरी किए मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

इंस्पायर मानक अवार्ड में मिली जगह, 12 से 14 अक्टूबर तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में होगा राष्ट्रीय आयोजन

छात्रा कोमिका का 'कैंसर डिटेक्टर ब्रा' प्रोजेक्ट में राष्ट्रीय स्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्रामीण अंचल के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा ने अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार से जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका, विकासखंड बेरला की विज्ञान संकाय की छात्रा कोमिका यादव द्वारा तैयार 'कैंसर डिटेक्टर ब्रा' प्रोजेक्ट का चयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इंस्पायर मानक अवार्ड प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 14 अक्टूबर तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में किया जाएगा। खास बात यह है कि जिले से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाला यह एकमात्र सरकारी विद्यालय है। इस उपलब्धि से विद्यालय, गांव, बेरला विकासखंड सहित पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। कोमिका यादव ने अपनी मार्गदर्शक शिक्षिका एवं जीवविज्ञान व्याख्याता पुष्पा नायक के निर्देशन में महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्या को ध्यान में रखते हुए 'कैंसर डिटेक्टर ब्रा' प्रोजेक्ट तैयार किया है। प्रोजेक्ट का उद्देश्य स्तन कैंसर की प्रारंभिक पहचान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और तकनीकी माध्यम से संभावित असामान्यताओं की पहचान में सहायता करना है। छात्रा ने समस्या को समझते हुए वैज्ञानिक अवधारणाओं और तकनीकी सोच के आधार पर इस मॉडल को विकसित किया।

शिक्षिका के मार्गदर्शन ने दी वैज्ञानिक सोच को दिशाः छात्रा की वैज्ञानिक रुचि और नए प्रयोग करने की क्षमता को पहचानने में मार्गदर्शक व्याख्याता पुष्पा नायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने प्रोजेक्ट की अवधारणा विकसित करने से लेकर वैज्ञानिक आधार, समस्या की पहचान और मॉडल तैयार करने तक छात्रा को निरंतर मार्गदर्शन दिया। इंस्पायर मानक अवार्ड में राष्ट्रीय स्तर पर चयन के बाद अब कोमिका यादव अपने प्रोजेक्ट को देशभर से चयनित विद्यार्थियों के बीच प्रस्तुत करेंगी। 12 से 14 अक्टूबर तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वह जिले और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। कोमिका यादव और मार्गदर्शक शिक्षिका पुष्पा नायक की इस उपलब्धि पर उप संचालक डीपीआई एवं राज्य नोडल अधिकारी हिमांशु भारती, सहायक संचालक एवं सहायक नोडल अधिकारी सतीश माहेश्वरी, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे, सहायक संचालक एसपी कोशले, जिला सांख्यिकी अधिकारी राजकुमार वर्मा, एमआईसी खिरामन वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जय प्रकाश करमाकर, बीआरसी बेरला कमलेश निषाद, संस्था की प्राचार्य चेतना सिंह, सरपंच एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राहुल यदु, उपसरपंच दशरथ यदु सहित ग्रामवासी एवं शाला परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं।

